**आकाशवाणी शिमला**

**30.05.2025 / प्रादेशिक समाचार**

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण भारत की तर्ज पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नयना देवी और चामुंडा मंदिर के अलावा बाबा बालक नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में उनकी सुविधा के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है।

**जय हिन्द सभा**

प्रदेश कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर और सन् 1962, 1971 व कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले प्रदेश के जांबाजों के सम्मान में शिमला में आज सुबह 11 बजे जय हिन्द सभा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व सैनिक व शहीदों के परिजन भाग लेंगे। बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कल आयोजन संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के बाद कहा कि जयहिन्द सभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यसभा सांसद अजय माकन व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित कई गणमान्य नेता इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। शांडिल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के उन वीर सैनिकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

**नड्डा टीबी बैठक**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश **नड्डा** ने कल आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में तपेदिक और खसरा.रूबेला उन्मूलन पर हुई प्रगति, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत धन के उपयोग की समीक्षा की गई। जे पी **नड्डा** ने बताया कि सौ दिवसीय गहन टीबी. मुक्त भारत अभियान के दौरान लगभग 13 करोड़ लोगों की टीबी के लिए जांच की गई और देशभर में 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की पहचान की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में अधिक से अधिक जन भागीदारी का आह्वान किया।

**मौसम**

प्रदेश में आज मौसम ने फिर करवट बदली है और सुबह की शुरूआत झमाझम बारिश के साथ हुई। राजधानी शिमला सहित कुल्लू, चंबा, सोलन और अन्य जिलों में सुबह से बारिश का सिलसिला जारी हैं जबकि जनजातीय जिला किन्नौर में आसमान पर घने बादल छाए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने आकाशवाणी को बताया कि आगामी चार जून तक प्रदेश भर में मौसम के इसी तरह बने रहने और 31 मई और पहली जून को भारी बारिश के साथ–साथ आंधी और ओलावृष्टि का अनुमान है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से**

हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में सी बी आई जांच की खबर को लगभग सभी अखबारों ने पहले पन्ने पर जगह दी है। **दैनिक जागरण** के शब्द हैं **सी बी आई टीम शिमला पहुंची, जुटी रही साक्ष्य। दैनिक भास्कर** लिखता है **विमल नेगी मौत मामला, सी बी आई टीम जांच के लिए शिमला पहुंची–अब रिकॉर्ड खंगाले जाएंगे। पंजाब केसरी फैसला** ने लिखा है **विमल नेगी मौत मामले में ओंकार शर्मा ने खंगाले 28 दस्तावेज।**

**अमर उजाला, आपका फैसला और हिमाचल दस्तक** ने मौसम की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है। अखबार लिखते हैं **मई में सामान्य से 5 फीसदी कम बरसे बादल, प्रदेश में कल–परसों बारिश व अंधड़ का अलर्ट।**